इन चरणो मे वो जादू है भजन लिरिक्स

इन चरणो मे वो जादू है,
पत्थर भी नारी बन जाती है।
(तर्ज :- तेरे चेहरे मैँ वो जादू है)

इन चरणो मे वो जादू है,
पत्थर भी नारी बन जाती है।
कैसे बिठाऊँ प्रभु मेरे,
कमजोर मेरी ये कश्ती है॥
इन चरणोँ मैँ ...

आपके चरणोँ से लगकर,
नारी बन गया था एक पत्थर,
गायब हुआ गगन मैँ उड़कर,
मन मैँ बहुत मैँ घबराऊँ।
लकड़ी की नौका मेरी जो खो जाये,
धन्धा मेरा चौपट हो जाये,
परिवार सारा भूखा मर जाये,
कैसे मैँ अपना घर चलाऊँ।
इन चरणोँ को धोऊँगा पहले मेरी यह विनती है॥१॥
इन चरणोँ मैँ ...

सुनके बात श्रीराम बोले,
हे केवट हो तुम बड़े भोले,
मन की शंका अपनी मिटालो,
इतनी सी बात से क्योँ घबराये।
धोने लगा जब प्रभु के चरण,
खुशी से भर गया केवट का मन,
धन्य हुआ मेरा जीवन,
आज प्रभु जो घर मेरे आये।
घड़ी ऐसी प्रभु दर्शन की किस्मत से मिलती है॥२॥
इन चरणोँ मैँ ...

फिर दौड़के झट नाव लाया,
राम लखन सिया को बिठाया,
पार उनको नदी से लगाया,
तब देने लगे राम किराया।
बोले केवट नहीँ लूँगा उतराई,
माफ करना मुझे हे रघुराई,
मुझे देना भव सागर पार,
मैँने नदी पार जो लगाया।
आपकी कृपा से ही प्रभुजी नाव 'खेदड़' की चलती है॥३॥
इन चरणोँ मैँ ...

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पत्थर भी नारी बन जाती है।
कैसे बिठाऊँ प्रभु मेरे,
कमजोर मेरी ये कश्ती है॥
इन चरणोँ मेँ ... by pkhedar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com